भारत सरकार - रेल मंत्रालय
अनुसंधान अभिकल्प और मानक संगठन
लखनऊ - 226 011
EPBX (0522) 2451200
Fax (0522) 2458500

Government of India-Ministry of Railways
Research Designs & Standards Organisation
Lucknow - 226 011
DID (0522) 2450115
DID (0522) 2465310

प्रेस विज्ञप्ति

माननीया रेल एवं कपड़ा राज्य मंत्री, श्रीमती दर्शना जरदोश द्वारा आरडीएसओ का दौरा

रेल एवं कपड़ा राज्य मंत्री, श्रीमती दर्शना जरदोश महोदया ने 20 सितम्बर 2022 को आरडीएसओ का दौरा किया । इस अवसर पर आरडीएसओ के मुख्य कांफ्रेंस हॉल में एक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया । महानिदेशक श्री संजीव भुटानी ने रेल राज्य मंत्री महोदया का स्वागत किया । महानिदेशक महोदय ने अपने संबोधन में आरडीएसओ के रेलवे बोर्ड के अनुरूप पुनर्गठन की जानकारी दी साथ ही साथ आरडीएसओ के संगठन ढांचे में बदलाव और आरडीएसओ द्वारा निरीक्षण की प्रक्रिया और भारतीय रेलवे में आरडीएसओ की भूमिका के बारे में भी बताया।

इस अवसर पर कार्यकारी निदेशक/रिसर्च, श्री अमित श्रीवास्तव ने आरडीएसओ की हाल की उपलब्धियों और वर्तमान में चल रही परियोजनाओं का उल्लेख करते हुए विस्तृत प्रस्तुति दी इस प्रस्तुति में श्री जे. पी. पाण्डेय, महानिदेशक (विशेष) वेंडर विकास, कार्यकारी निदेशक/यातायात डॉ वीना कुमारी वर्मा एवं मुख्य कार्यकारी निदेशक/रेल पथ मशीन श्री एस. सी. श्रीवास्तव ने भी अपना योगदान दिया । इस प्रस्तुति के दौरान माननीय रेल राज्य मंत्री महोदया ने कई सुधारात्मक सुझाव दिए एवं सभी प्रमुख परियोजनाओं एवं महत्वपूर्ण कार्यों की गहन समीक्षा करते हुए इनसे सम्बंधित डिज़ाइन और डेवलपमेंट पर और अधिक बल देने के दिशा निर्देश दिये ।

माननीया रेल राज्य मंत्री महोदया ने अपने संबोधन में आरडीएसओ द्वारा किये जा रहे कार्यों एवं 'आत्मनिर्भर भारत' और 'मेक इन इंडिया' अभियान में स्वदेशी वेंडर्स को तेजी से डेवेलप करने की दिशा में किये जा रहे कार्यों की सराहना की । साथ ही साथ उन्होंने आर.डी.एस.ओ को उन्नत प्रोपलशन सिस्टम एवं कुशल ऊर्जा वाली वन्दे भारत ट्रेन का 180 KMPH की गति पर सफलतापूर्वक परीक्षण केवल 30 दिनों के रिकॉर्ड समय में पूरा करने पर बधाई दी ।

माननीया मंत्री महोदया ने आरडीएसओ के सिगनल, एयर ब्रेक एवं फटीग प्रयोगशालाओं का दौरा किया एवं आरडीएसओ में परीक्षण के लिए मौजूद बुनियादी ढांचे का निरीक्षण किया । उन्होंने आरडीएसओ की प्रयोगशालाओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि नयी तकनीक की मदद से आरडीएसओ भारतीय रेल के विकास में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है एवं आशा व्यक्त की कि आने वाले वर्षों में आरडीएसओ के सहयोग से भारतीय रेल देश के विकास में नयी ऊचाइयों को प्राप्त करेगा ।इस अवसर पर माननीया रेल एवं कपड़ा राज्य मंत्री, श्रीमती दर्शना महोदया द्वारा सिगनल प्रयोगशाला में वृक्षारोपण भी किया गया ।

महानिदेशक, आरडीएसओ, श्री संजीव भुटानी ने अपने बहुमूल्य सुझाव दे कर सभी का मार्गदर्शन करने के लिए माननीया रेल एवं कपड़ा राज्य मंत्री, श्रीमती दर्शना महोदया का आभार व्यक्त किया और उन्हें यह आश्वासन दिया कि आरडीएसओ की टीम हर चुनौती के लिए तैयार है एवं आरडीएसओ भारतीय रेल के ट्रांसफॉर्मेशन एवं उन्नति के लिए अपना उत्कृष्ट योगदान देता रहेगा ।

इस अवसर पर, श्री जे. पी. पाण्डेय, महानिदेशक (विशेष), श्री एस. के. जैन, अपर महानिदेशक, एवं आरडीएसओ के अन्य सभी वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे ।

सं. पीआर/पब्लिसिटी/22

दिनांक : 20.09.2022

कृपया उपर्युक्त समाचार को अपने प्रतिष्ठित समाचार पत्र में प्रकाशित करने की व्यवस्था करें।

आशीष 20.09.2022

(डॉ आशीष अग्रवाल)
कार्यकारी निदेशक/प्रशासन

सेवा में
संपादक............

भारत सरकार - रेल मंत्रालय
अनुसंधान अभिकल्प और मानक संगठन
लखनऊ - 226 011
EPBX (0522) 2451200
Fax (0522) 2458500

Government of India-Ministry of Railways
Research Designs & Standards Organisation
Lucknow - 226 011
DID (0522) 2450115
DID (0522) 2465310

PRESS RELEASE

Hon'ble Minister of State for Railways & Textiles, Smt. Darshana Jardosh visited RDSO

The Minister of State for Railways and Textiles, Smt. Darshana Jardosh, visited RDSO on 20 September 2022. On this occasion a review meeting was organised in the main conference hall of RDSO. Director General/RDSO Shri Sanjiv Bhutani welcomed the Minister of State for Railways. The Director General in his address informed about the restructuring of RDSO as per Railway Board as well as role of RDSO in Indian Railways were also explained.

On this occasion, Executive Director/Research, Shri Amit Srivastava gave a detailed presentation mentioning the recent achievements of RDSO and the ongoing projects. In this presentation Shri J. P. Pandey, Director General (Special) Vendor Development, Executive Director/Traffic Dr. Veena Kumari Verma and PED/TM Shri S. C. Srivastava also contributed. During this presentation, Hon'ble Minister of State for Railways gave many suggestions and while reviewing all the major projects and important works, gave directions to give more emphasis on the design and development related to them.

Hon'ble Minister of State for Railways, in her address, appreciated the work being done by RDSO and the work being done towards rapid development of indigenous vendors in 'Atma Nirbhar Bharat' and 'Make in India' campaign. The Minister also congratulated RDSO for successfully completing trial run of Vande Bharat train with advanced propulsion system and energy efficient at 180 KMPH speed in record time of just 30 days.

Hon'ble Minister visited the Signal, Air Brake and Fatigue laboratories of RDSO and inspected the testing infrastructure. Praising the laboratories, she said that RDSO is playing an important role in the development of Indian Railways with the help of new technology and expressed hope that in the coming years Indian Railways will achieve new heights in the development of the country with the help of RDSO. On this occasion, a tree sapling was also planted by Hon'ble Minister of State for Railways and Textiles, Smt. Darshana Jardosh at the signal laboratory.

Director General, RDSO, Shri Sanjiv Bhutani expressed his gratitude to Hon'ble Minister of State for Railways and Textiles, Smt. Darshana Jardosh and assured that RDSO will continue to make its excellent contribution for the transformation and progress of Indian Railways.

On this occasion, Shri J. P. Pandey, Director General (Special) Vendor Development, Shri S. K. Jain, Additional Director General, and all other senior officers of RDSO were also present.

PR/Publicity/22

Date. 20.09.2022

Kindly arrange to publish the above News item with photograph in your esteemed daily News Paper.

Ashish 20.09.2022

(Dr. Ashish Agrawal)
Executive Director/Admin